एक नजर में

## केरियर काउंसलिंग का आयोजन 13 अगस्त को

**धार, 08 अगस्त 2025** । जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि कार्यालय द्वारा प्राचार्य शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल कमांक 1 धार एवं प्राचार्य शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल कमांक 2 धार में केरियर काउंसलिंग का आयोजन 13 अगस्त को किया जावेगा। जिसमे चयनित मनोवैज्ञानिक, विषयविशेषज्ञों दारा संस्था में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के लिए केरियर काउंसलिंग संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी जावेगी। साथ ही स्वरोजगार से सबंधी एवं रोजगार पोर्टल के संबंध में भी जानकारी दी जायेगी।

## वरिष्ठ नागरिक पेंशनर एसोसिएशन द्वारा सौजन्य भेंट



इंदौर. वरिष्ठ नागरिक पेंशनर एसोसिएशन मध्य प्रदेश भोपाल, जिला इकाई इंदौर का प्रतिनिधि मंडल नवागत संयुक्त संचालक कोष एवं लेखा( पेंशन), इंदौर प्रगति जैन एवं नवनियुक्त प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती डॉ. शांता स्वामी भार्गव से सौजन्य भेंट कर आप द्वय को नवीन पदभार ग्रहण करने पर एसोसिएशन के पदाधिकारियों की ओर से पुष्प गुच्छ से स्वागत कर बधाई दी. संभागीय अध्यक्ष राजेश जोशी के नेतृत्व में सर्वप्रथम नवागत संयुक्त संचालक कोष एवं लेखा( पेंशन) प्रगति जैन का स्वागत पेंशनर प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों द्वारा किया गया. साथ ही पेंशनर साथियों की प्रमुख समस्या 30 जून को सेवानिवृत्त पेंशनर साथियों को एक काल्पनिक वेतनवृद्धि का लाभ तत्काल मिल सके इस संबंध में अवगत कराया. एक अन्य प्रकरण में पेंशनर साथी की दिव्यांग संतान का नाम पारिवारिक पेंशनर के रूप में पात्रता अनुसार सेवा अभिलेख में दर्ज करने को लेकर भी चर्चा की गई. प्रतिनिधि मंडल नवनियुक्त जिला शिक्षा अधिकारी शांता स्वामी भार्गव जिन्हें विकासखंड शिक्षा अधिकारी,इंदौर के साथ ही जिला शिक्षा अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार भी उनकी कार्य कुशलता के कारण दिया गया है. एसोसिएशन की ओर से पुष्प गुच्छ से आपका स्वागत कर बधाई दी. संभागीय अध्यक्ष राजेश जोशी, जिला अध्यक्ष नरेंद्र सिंह ठाकुर, प्रांतीय उपाध्यक्ष एवं इंदौर संभाग प्रभारी पं.रामचंद्र दुबे, आरके शुक्ला, बीसी जैन,सुभाष पाटीदार, रमेश कुमार सिंदेल, पवन सोलंकी, रामगोपाल पोरवाल, प्रदीप शुक्ला आदि उपस्थित थे. यह जानकारी जिलाध्यक्ष इंदौर एवम प्रान्तीय मीडिया प्रभारी नरेंद्र सिंह ठाकुर ने दी.

## किक बॉक्सिंग में साक्षी का शानदार प्रदर्शन



इंदौर. श्री वैष्णव कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड कॉमर्स की बी.कॉम तृतीय वर्ष की छात्रा कुमारी साक्षी चौहान ने किक बॉक्सिंग में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया है. उनकी इस उपलब्धि के आधार पर उनका चयन नेशनल टीम में हुआ है. साक्षी अब हिमाचल प्रदेश में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेंगी. यह प्रतियोगिता सत्र 2025-26 के अंतर्गत किक बॉक्सिंग फेडरेशन वाको इंडिया ( खेलो इंडिया) द्वारा आई.पी.एस. अकादमी में आयोजित की गई थी, जिसमें इंदौर की लगभग 45 छात्राओं ने विभिन्न आयु वर्गों में भाग लिया. साक्षी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया. साक्षी की इस उपलब्धि पर कॉलेज प्रबंधन ने उन्हें हार्दिक बधाई दी. इस अवसर पर चेयरमैन अरविंद गुप्ता, सचिव महेश चिमनानी, प्राचार्य डॉ. परितोष अवस्थी, प्रो. विभोर ऐरन तथा खेल अधिकारी डॉ. वी.एस. राणा ने साक्षी को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्वल भविष्य की कामना की.

## वर्षगांठ पर पौधारोपण, भोजन सेवा और रक्तदान



इंदौर. किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी ने अपने इंदौर एही रोड शोरूम की पहली वर्षगाँठ को समाज के प्रति समर्पण और सेवा के भाव से मनाया. इस विशेष अवसर पर किसना द्वारा पार्क में पौधारोपण अभियान, आश्रम में भोजन वितरण, इंदौर में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया. स्टोर पार्टनर्स यश और सोनम सर्राफ ने कहा इंदौर के लोगों के साथ यह एक साल यादगार रहा है. यह आयोजन उनके प्रति हमारे आभार और समाज के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है. कंपनी के सीएसआर मैनेजर प्रियेश गामोट ने जानकारी देते हुए कहा पिछले वर्ष हमने इंदौर एवं मध्यप्रदेश के प्रतिभाशाली छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान की थी. इस बार हमने एक कदम आगे बढ़ते हुए ग्राहकों के नाम से पेड़ लगाए, जरूरतमंदों को भोजन कराया, और रक्तदान जैसे पुण्य कार्य को अपनाया.

## सुपर.मनी ने ट्रैवल बुकिंग सेगमेंट में रखा कदम

इंदौर. भारत के सबसे तेजी से बढ़ते यूपीआई-फर्स्ट प्लेटफॉर्म में शुमार सुपर.मनी ने आज 'फ्लाइट्स' लॉन्च करने की घोषणा की है. इसके माध्यम से विशेषरूप से जेन जेड ट्रैवलर्स को रिवार्ड्स-फर्स्ट फ्लाइट बुकिंग का एक्सपीरियंस मिल सकेगा. क्लियरट्रिप द्वारा पावर्ड इस नए फीचर के माध्यम से यूजर्स यूपीआई का प्रयोग करते हुए आसानी से डोमेस्टिक फ्लाइट बुक कर सकेंगे. साथ ही उन्हें अन्य सभी ऑफर्स के अतिरिक्त 5 प्रतिशत का एक्सक्लूसिव बेनिफिट भी मिलेगा, जो इसे आज की तारीख में फ्लाइट बुक करने का सबसे रिवार्डिंग तरीका बनाता है. सुपर.मनी के संस्थापक एवं सीईओ प्रकाश सिकारिया ने कहा फ्लाइट्स के साथ हम यूपीआई पर ट्रैवल बुकिंग के साथ सीधे तौर पर वैल्यू जोड़ रहे हैं. यह कदम हमारे बड़े विज़न को दिखाता है. हम यूपीआई को सिर्फ रोजमर्रा के खर्चों तक सीमित नहीं रखना चाहते, बल्कि इसे ज़िंदगी के बड़े फैसलों के लिए भी उपयोगी बनाना चाहते हैं. क्लियरट्रिप की चीफ बिजनेस एवं ग्रोथ ऑफिसर मंजरी सिंघल ने कहा यह कदम ट्रैवल की दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ रहे कस्टमर सेगमेंट को सर्विस देने की हमारी प्रतिबद्धता को मजबूती देने वाला है।'

## मेकमायट्रिप का एआई ट्रिप प्लानिंग असिस्टेंट

इंदौर. मेकमायट्रिप ने ट्रैवल प्लािनिंग को सरल, संवाद-आधारित और सभी के लिए सुलभ बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है. कंपनी ने जनरेटिव एआई-इनेबल्डस ट्रिप प्लानिंग असिस्टेंट लॉन्च किया है, जो यात्रा की खोज से लेकर बुकिंग, यात्रा के दौरान और उसके बाद तक हर चरण में यूजर्स की मदद करेगा. यूजर्स को उनके पूरे सफर में बातचीत के माध्यम से सहायता मिलेगी, जिसमें डेस्टिनेशन की तलाश, खरीदारी, यात्रा के दौरान, और बिक्री के बाद के परिदृश्य शामिल हैं. इस मौके पर मेकमायट्रिप के को-फाउंडर और ग्रुप सीईओ राजेश मागो ने कहा हमारा हमेशा से मानना रहा है कि तकनीक तब सबसे अच्छी होती है जब यह पर्दे के पीछे जटिल समस्यासओं को हल करे. साथ ही ग्राहक इंटरफेस को सहज और आनंददायक बनाए. जेनएआई के साथ, हम इस विजन को और बेहतर कर रहे हैं, ताकि लोग स्वाभाविक, इंसानों जैसी बातचीत के जरिए अपनी ट्रैवल प्ला निंग कर सकें. अभी हमने हिंदी से शुरुआत की है और जल्द ही इसे कई अन्य भारतीय भाषाओं में लेकर आएंगे.







# रक्षाबंधन पर मिठाई व खाद्य पदार्थ विक्रेताओं पर प्रशासन की कार्रवाई

**धार। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के निर्देशानुसार जिले में द्वारा खाद्य एंव औषधि प्रशासन के खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा रक्षाबन्धन त्यौहार को देखते हुए नमूना संग्रहण की कार्यवाही की गई।**

जिसमे ग्राम ढोलाना, बदनावर स्थित अपना बाजार से शक्कर बुरा और चायपत्ति, कुक्षी स्थित श्री सांई नमकीन एंड स्वीट्स से बर्फी और सेंव, कुक्षी स्थित टिगू दा ढाबा से गेहूँ का आटा और चावल, मांगोद चौपाटी स्थित रूदाक्ष बेकरी से पेडा और रिफाईण्ड सोयाबीन तेल, राजगढ बस स्टेण्ड स्थित जौधपुर स्वीट्स एंड नमकीन से रसगुल्ला, सोनपापडी, मावा व ग्राम कनारिया, बदनावर स्थित अनिल मावा भंडार से मावा और कानवन, बदनावर स्थित राम जी डेयरी से घी का नमूना लिया गया।

इसी प्रकार पीथमपुर स्थित रघुवंशी किराना भंडार से रिफाईण्ड सोयाबीन तेल, ए.बी. रोड धामनोद क्यूब रेस्टोरेंट से छोले की सब्जी, सार्थ मिल्क प्रोसेसर्स प्राईवेट लिमिटेड मनावर से मावा और घी, गेंदालाल कन्हैया लाल यादव के यादव रेस्टोरेंट केसूर से मावा बर्फी, रिलेक्स पाईट सिंघाना से रसगुल्ला, अंम्बिका दुध डेयरी, सिंघाना से सोन पपडी, भगवानसिंग पिता रतनसिंग ग्राम दूधवाल से दूध, समिलाराम ढालाराम, बिकानेर स्वीट्स एंड रेस्टोरेंट, आयशर चौराहा, पीथमपुर से मावा बर्फी और नमकीन, लक्ष्मी दुध डेयरी, आजाद चौराहा पीथमपुर से पनीर, निगम स्वीट्स आजाद चौराहा पीथमपुर से मावा और खोपरा बुरा, कृष्णा यादव केसूर से मावा, विनोद यादव केसूर से मावा, कान्हा एवरफ्रेश स्वीटस बाकानेर बस स्टैंड, तहसील मनावर से से मावा बर्फी एंव मावा का नमूना लिया गया। दिनेश पाटीदार, जय श्री महाकाल किराना, मनावर से घी का नमूना लिया गया। राठौर किरण, ग्राम बागड़ी, केसुर से सोनपापड़ी का नमूना लिया गया। यह कार्रवाई खाद्य सुरक्षा अधिकारी निर्मला सोमकुंवर, आर. जी. माऊटा एवं सुभाष खेडकर के द्वारा की गयी है। सभी नमूने मिलावट की जॉच हेतू लिये जाकर राज्य खाद्य प्रयोगशाला भोपाल को भेजे गये। रिपोर्ट आने पर आगामी कार्यवाही की जावेगी। यह कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।



## एसडीएम रोशनी पाटीदार का विदाई समारोह

धार. प्रेस नोट श्रीमती रोशनी पाटीदार एसडीएम धार का विदाई समारोह उदय रंजन क्लब धार द्वारा क्लब के सचिव श्रीमती पाटीदार का स्थानांतरण धार से इंदौर हो जाने के कारण कब के सदस्यों द्वारा एक विदाई समारोह क्लब के सम्मानित सदस्यों द्वाराआयोजित किया गया श्रीमती पाटीदार के कार्यकाल में क्लब की गतिविधियों को चर्म उत्कर्ष तक पहुंचाया गया उनके द्वारा क्लब परिसर में अंतरराष्ट्रीय स्तर के स्विमिंग पूल के निर्माण में किए गए योगदान के लिए भूरी भूरी प्रशंसा की गई क्लब के बच्चों के लिए पिक बल प्रतियोगिता एवं उनके खेलने के लिए क्लब का मैदान उपलब्ध कराया गया एवं क्लब के विभिन्न गतिविधियां खेल की सुचारू रूप से चालू की गई जो काफी समय से बंद पड़ी थी उनके सामाजिक कार्यों के लिए भी उन्हें सम्मानित किया गया और उनके उज्जवल भविष्य के लिए उन्हें बधाइयां दी गई ।इस अवसर पर क्लब सदस्य नरेन्द्र मण्डलोई राजेंद्र मोदी रवि सेंगर सुशील गर्ग सुभाष जोशी छोटू शास्त्री योगेश अग्रवाल पंकज अग्रवाल संजय गर्ग सुभाष जैन दिनेश मेघानी आशीष बांगर वल्लभ अग्रवाल निश्चल मंडलोई निलेश सुगंधी सुनील रघुवंशी संजय पाटीदार गोपाल संघी आदि सदस्य उपस्थित थे. कार्यक्रम का संचालन नीलेश सुगंधी ने किया कार्यकम का आभार सह सचिव पंकज ने माना

## 15 से 20 अगस्त तक ग्राम सभाओं के आयोजन हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त

**धार**, 08 अगस्त 2025। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अभिषेक चौधरी ने 15 अगस्त से 20 अगस्त 2025 तक चरणबद्ध ग्राम सभाओं के आयोजन के लिये संबंधित क्षेत्र के अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को ग्रामसभा के आयोजन हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त करने का आदेश जारी किया है। आदेश के तहत नोडल अधिकारी अपने क्षेत्र की ग्रामसभाओं के लिए एक शासकीय अधिकारी, कर्मचारी की नियुक्ति करेगा जो ग्रामसभा में लिये जाने वाले निर्णय के संबंध में ग्रामसभा को अवगत करावेंगे एवं उसका प्रतिवेदन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत को प्रस्तुत करेंगे।




## आंगनवाड़ी केंद्र पर सुपोषण स्वास्थ्य शिविर लगाया बच्चों की जांच की समझाइश दी

**सरदारपुर**। महिला बाल विकास विभाग के अन्तर्गत पास के गांव बोला आंगनवाड़ी सेक्टर पर महिला परियोजना अधिकारी कमलसिंह निगवाल, सेक्टर सुपरवाइजर रेखा भवर, मोनिका गोस्वामी के निर्देश और मार्गदर्शन में गुरुवार को सुपोषण स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। कुपोषित बच्चों की जांच स्वास्थ्य विभाग से डाक्टर सैय्यद मरियम द्वारा की गई। बच्चों के परीक्षण बाद अभिभावकों को उनके खानपान घर परिवार और आसपास में स्वच्छता तथा बच्चों को अधिक से अधिक पौष्टिक आहार देने की समझाईश सलाह दी गई। साथ ही गर्भवती धात्री माताओं को खानपान पर विशेष ध्यान रखने स्वस्थ रहने सम्बन्धित सलाह दी गई। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मानकुंवर राठौड़, रेखा मिश्रा ने बताया कि आंगनवाड़ी सेक्टर पर विश्व स्तनपान दिवस भी मनाया गया। कार्यक्रम में सभी कार्यकर्ता सहायिका मौजूद थी।



## अपनी मांगों को लेकर कर्मचारी संगठन ने दिया ज्ञापन

**सरदारपुर** ।आउटसोर्सिंग आल डिपार्टमेंट संयुक्त मोर्चा अंशकालीन कर्मचारी संगठन के संरक्षक श्री शैलेन्द्र तिवारी जिला अध्यक्ष भारत सिह ठाकुर के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने जनजातीय कार्य विभाग के सहायक आयुक्त महोदय से मुलाकात करके संगठन के द्वारा दिया गया ज्ञापन में मुख्यमंत्री कार्यालय और समान्य प्रशासन के द्वारा दिये के निर्देश में विभाग द्वारा कार्यवाही करने के निर्देश जारी किए गए उसका अवलोकन करवाने और त्वरित कार्यवाही करने का ज्ञापन और साथ में नौ बिंदु का कर्मचारियों की समस्या जिसमें स्थाई कर्मी का नियमितीकरण और दैनिक वेतन भोगी सभी कर्मचारियों की समस्या का ज्ञापन दिया जिसमें उपस्थित कर्मचारी सुरेश गोयल राजेंद्र रावत रमेश राठौर हमीर अलावा सुरेश चंद्र शर्मा प्रेम पटेल ममता ठाकुर रमेश चौहान कन्हैयालाल मालवीय सजन मेहरा श्याम सिह चौहान और साथ ही संगठन का विस्तार करते हुए रमेश राठौर को जिला कार्यवाह अध्यक्ष और सरदारपुर तहसील के सचिव के लिए हमीर अलावा को पत्र सहायक अयुक्त महोदय जी द्वारा प्रदान किए गए और साथ ही अंशकालीन कर्मचारियों की सूची दैनिक वेतन भोगी की सूची और स्थाई कर्मी की सूची की मांग की गई और जिला अध्यक्ष ने मांग की परामर्शदात्रि की बैठक आयोजन करने का आग्रह किया गया उक्त जानकारी जिला सचिव संजय प्रजापत ने दी




## मातेश्वरी धाम फूलगांवडी में भारत के 12 ज्योतिर्लिंग को झांकी में दर्शाया

**सरदारपुर**। श्रावण मास के अंतिम दौर में मातेश्वरी धाम फूलगांवडी शिव मंदिर में मातेश्वरी धाम संचालक अरुणा शाह द्वारा 12 ज्योतिर्लिंग को झांकी में आकर्षक सवारकर भक्तो को दर्शन करवाए गए। झांकी में विशेषकर केदारनाथ, शिवजी को महाकाल का रुप भी दिया। बडी संख्या में भक्तजनो ने झांकी को निहारकर दर्शन आरती का धर्म लाभ लिया गया।

## तप की राह पर चल कर व्यक्ति अपने मोक्ष मार्ग को प्रशस्त कर सकता है

**नागदा** । धार तप की राह पर चल कर व्यक्ति अपने मोक्ष मार्ग को प्रशस्त कर सकता है हर धर्म महजब में तप की महत्ता महान बताई गई तपस्वी के तप को स्वयं परमात्मा भी नमन करते हे उक्त प्रेरणा दाई प्रवचन मुनि श्री सिद्धरत्न जी म सा के मासक्षमण तप अनुमोदनार्थ आत्म क्रांति चातुर्मास धर्म सभा में आचार्य श्री विश्व रत्न सागर सुरीश्वरजी महाराजा द्वारा दिए गए आपके द्वारा उपदेश देते हुए बताया कि हमें मानव जीवन बड़ी मुश्किल से मिला एक मात्र मानव जीवन ही ऐसा जीवन हे जिसमें हम परमात्मा की भक्ति एवं तप आराधना कर सकते है इसलिए अपने सामर्थय अनुसार हमे तप आराधना कर अपने अगले भव को सुधारना चाहिए जिस तरह आज मुनि श्री सिद्धरत्न सागर जी म सा ने गर्म जल के आधार से महा मृत्युंजय मासक्षमण तप 30 उपवास पूर्ण कर अपने मोक्ष मार्ग को प्रशस्त किया मुनिराज के किए तप की हम अनुमोदना करते है धर्म




सभा को गणिवर्य कीर्ति रत्न सागर जी म सा मुनिराज उदय रत्न सागर जी म सा ने भी संबोधित किया तप अनुमोदना में नागदा संघ ने बड़ी संख्या में सहभागिता कर पूज्य मुनिराज की तपस्या की अनुमोदना कर कपड़े पर केशर से स्वस्तिक बनाने की क्रिया में भाग लिया दोपहर में सक्रस्त्व अभिषेक एवं सांझी सह मेंहदी का आयोजन रखा गया अनेक मंडलों ने तप संबंधी धार्मिक प्रस्तुति दी अनुमोदना सभा में अखिल भारतीय श्री जैन श्वेतांबर मालवा महासंघ के राष्ट्रीय पदाधिकारी राजेन्द्र बोकड़िया द्वारा वंदन विधि करते हुए तपस्वी मुनिराज की अनुमोदना की

एक नजर — कलेक्टर कार्यालय के वीसी रूम में वीडियो कांफेसिंग के माध्यम से राहत राशि वितरित की

# मुख्यमंत्री ने 118 हितग्राहियों को 91 .71 लाख की बाढ़ राहत वितरित की

**धार**। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव प्रदेश में प्राकृतिक आपदा, अतिवृष्टि और बा? से हुई विभिन्न क्षतियों जैसे जनहानि, पशुहानि, मकान क्षति एवं अन्य क्षति के लिये प्रभावितों को षुक्रवार को सिंगल क्लिक के माध्यम से राहत राशि वितरित की गई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मुख्यमंत्री निवास समत्व भवन से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राहत राशि वितरित की और हितग्राहियों से चर्चा भी की गई।

इस अवसर पर धार में कलेक्टर कार्यालय के वीसी रूम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हितग्राहियों को राहत राशि वितरित की गई। जिसमें कलेक्टर श्री प्रियंक मिश्रा, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सरदारसिंह मेडा सहित अन्य जनप्रतिनिधि व हितग्राही मौजूद थे।




जिला कोषालय धार से प्राप्त जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने धार जिले के कुल 118 हितग्राहियों को 91 लाख 71 हजार 900 रूपये की सिंगल क्लिक के माध्यम से राहत राशि वितरित की गई। इनमें धरमपुरी तहसील के 21 हितग्राहियों को 4 लाख 84 हजार 600 रूपये, बदनावर के 21 हितग्राहियों को 6 लाख 4 हजार 200 रूपये, सरदारपुर के 6 हितग्राहियों को 17 लाख 52 हजार 500 रूपये, गंधवानी के 11 हितग्राहियों को 3 लाख 30 हजार 200 रूपये, डही के 4 हितग्राहियों को 4 लाख 15 हजार रूपये, पीथमपुर एवं कुक्षी के 2-2 हितग्राहियों को 8-8 लाख रूपये, मनावर के 25 हितग्राहियों को 38 लाख 71 हजार 200 रूपये तथा धार तहसील के 26 हितग्राहियों को एक लाख 14 हजार 200 रूपये की राहत राशि वितरित की गई।